p>

Title: Request to government for re-notification and permission to start mining work in Shahbad stone.

डॉ. उमेश जी. जाधव (गुलबर्गा): अध्यक्ष महोदय, मेरे गुलबर्गा, संसदीय क्षेत्र में शाहबाद स्टोन की माइनिंग चल रही है । शाहबाद स्टोन और ग्रेनाइट स्टोन की माइनिंग कानून को एक कर दिया गया है । वहां कम से कम एक-डेढ़ लाख लोग काम करते हैं । इको-सेंसिटिव जोन के नाम पर, सेन्ट्रल गवर्नमेंट के कानून के नाम पर वहां पर परमिशन नहीं दिया जा रहा है । दिल्ली के ऑर्डर को डिफेक्टिव कह कर भेज दिया गया है । वह रेक्टिफाई हो कर कर्नाटक सरकार से दिल्ली आ गया है ।

सर, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि उसे जल्द से जल्द रीनोटिफिकेशन करके, और एक बार काम करने के लिए मौका देने की विनती करता हूं ।